# चित्रकला
# Painting
# 332
# शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र
# Tutor Marked Assignment

कुल अंकः 20
Max Marks: 20

टिप्पणी: (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।
Note: All questions are compulsory. The marks allowed for each question are given at same place.

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।
Write your name enrollment numbers, Al name, and subject on the top of the first page of the answer sheet.

1. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2
Answer any one of the following questions in about 40-60 words:

(a) अपनी पेंटिंग की स्वअध्ययन सामग्री से किसी भी इंडो इस्लामिक आर्किटेक्चर की स्थापत्य सुंदरता का अध्ययन करें या व्यक्तिगत रूप से उन आर्किटेक्चर, जैसे- कुतुबमीनार, गोले गुंबद या पास के संग्रहालय से किसी भी अन्य कलाकृतियों को देखने जाएँ। अब इन कार्यों की विशिष्ट विशेषताओं को जानने का प्रयास कीजिए और किन्हीं दो वास्तुकलाओं के बीच किन्ही चार अंतरों को लिखिए। (पाठ-6 देखें)

Study the architectural beauty of any Indo Islamic architectures from your painting study material or personally visit these architectures like the Qutub Minar, Gole Gumbad, or any other artifact from a nearby museum. Now try to learn the characteristic features of these works, and write down any four differences between any two architectures. (See Lesson-6)

b) लघु शैली के विभिन्न पक्षियों की आकृति के साथ पेंटिंग 'बर्ड कैचिंग एट बारां' को देखें। एक नया रूप बनाने के लिए कुछ नए तत्वों को जोड़कर आकृति बनाने का प्रयास करें। दो पंक्तियों में सुझाव दें कि इस पेंटिंग में किस रंग का उपयोग किया गया है। (पाठ-7 देखें)

Observe the painting 'Bird Catching at Baran' with the figure of different birds of miniature style. Try to draw the figure adding some new elements to create a new form. Suggest in two lines the color used in this painting. (See Lesson-7)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए: 2
Answer any one out of the following four questions in about 40-60 words.

(a) 'जहांगीर मैडोना की तस्वीर पकड़े हुए जहाँगीर काल का एक सुंदर चित्रण है।' उस कार्य के सजावटी बॉर्डर के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए। (पाठ-7 देखें)

"Jahangir holding a picture of Madonna is a beautiful illustration of the Jahangir period". Write a paragraph about the decorative border with scripture on the same work. (See Lesson7)

(b) आगरा में स्थित ताजमहल देखें। ताजमहल का एक पेपर मॉडल बनाएँ, जिसमें उसके ढाँचे की सभी विशेषताएं समन्वित रहें। (पाठ-6 देखें)

Visit the Taj Mahal at Agra. Make a paper model of the Taj Mahal, keeping all the features of its structure intact. (See Lesson-6)

3. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

Answer any one out of the following four questions in about 40-60 words

(a) मुगल शासक पक्षियों के चित्रों के बहुत शौकीन थे। मुगल लघु चित्रों में से कोई चार पक्षी चुनकर उन्हें ए-4 आकार के कार्टिज कागज पर बनाएँ। (पाठ-7 देखें)

Mughal emperors were very fond of paintings of birds. Choose four birds from Mughal miniature paintings, and copy it on an A4 size cartridge paper. (See Lesson-7)

(b) ऐसा क्यों कहा जाता है कि बासोली के चित्रकार कृष्ण-लीला के काव्यात्मक वर्णनों से प्रभावित थे और उन्होंने अपने चित्रों में इनके रोमांटिक रूप का उपयोग किया। बासोली पेंटिंग के किसी एक शीर्षक को लिखिए। (पाठ-9 देखें)

Why it is said that the painters of Basholi were influenced by poetic descriptions of Krishna Leela, and used these romantically in their paintings. Name anyone title of Basoli painting. (See Lesson-9)

4. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों दीजिए। 4

Answer any one out of the following four questions in about 40-60 words

(a) 'तंजौर कलाएँ किसी भी अन्य चित्रकला शैली से भिन्न हैं।' उदाहरण सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। दक्कन शैली आसपास के क्षेत्रों में बहुत लोकप्रिय क्यों हो गई?

"Tanjore arts are different from any other painting style", justify the statement with example. Why did the Deccan style become very popular in the surrounding regions? (See Lesson-10)

(b) पहाड़ी और दक्कन की लघु कृतियों की शैली को देखें। इन दोनों लघु कलाओं की विशेषताओं के छह अंतरों को लिखिए। (पाठ-9 तथा 10 देखें)

Observe the style of Pahari and Deccan miniature works. Write the difference of characteristics between these two miniature arts, at least six. (See Lesson-9&10)

5. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

Answer any one of the following four questions in about 100-150 words:

(a) हाथ से बने कागज पर की गई लघु पेंटिंग जो स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री से बनी होती है। इन सामग्रियों का विवरण आपकी स्व अध्ययन सामग्री में है। हस्तनिर्मित कागज बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से लिखिए। साथ ही किसी पहाड़ी लघु चित्रकला के बारे में भी लिखिए। (पाठ-9 देखें)

Miniature painting done on hand made paper which is made of locally available materials. Details of these materials are given in your textbook. Write in detail about the process of making handmade paper. Also, write about any Pahari miniature painting. (see Lesson-9)

(b) इंडो इस्लामिक आर्किटेक्चर के चित्रों की कोई भी कला पुस्तकें और पत्रिकाएं एकत्र करें। उदाहरण के लिए, महल, कुतुब मीनार, गोले गुंबद, सफदरजंग मकबरा, हुमायूँ का मकबरा, लाल किला, आगरा किला इत्यादि। कम से कम 6-7 कटिंग का उपयोग करके एक सुंदर कोलाज बनाएं। (पाठ-6 देखें)

Collect any art books, and magazines cuttings of pictures of Indo Islamic architectures, for example, Mahal, Qutub Minar, Gole Gumbad, Safdarjung Tomb, Humayun's Tomb, Red Fort, Agra Fort etc. Create a beautiful collage using at least 6-7 of these cuttings. (See Lesson-6)

6. नीचे दिये गये परियोजना कार्यों में से कोई एक परियोजना कार्य तैयार कीजिए। 6

Make any one project work given below:

a) सुंदर अग्रभूमि, पृष्ठभूमि और कम से कम दो मानव आकृतियों के साथ एक रचना बनाएं। आप किसी भी उम्र के पुरुष या महिला आकृति को चित्रित कर सकते हैं। आप अपनी पेंटिग की अध्ययन सामग्री से 'निजामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो' से एक विचार ले सकते हैं। माध्यम जल रंग होगा। (पाठ-10 देखें)

Draw a composition with beautiful foreground, background, and at least two human figures You can depict a male or female figures of any age. You can take an idea from the painting "Nizamuddin Awalrya and Amir Khusran' from your Painting study material. The medium will be watercolor. (See Lesson-10)

b) "बर्ड रेस्ट पर बाज" चित्र को ध्यान से देखें। यह उस्ताद मंसूर के काम का एक शानदार उदाहरण है। इसे अपने शब्दों में प्रस्तुत करें। (पाठ-7 देखें)

Observe carefully the picture "Falcon on a Bird Rest". This is a superb example of Ustad Mansur's work, justify in your own words. (See Lesson-7)